>

Title : Need to facilitate visa clearance of Haj pilgrims from the list of pending applicants from Bikaner Parliamentary Constituency, Rajasthan for pilgrimage to Saudi Arabia.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): हज यात्रियों की भारत सरकार से स्वीकृति जारी होने के पश्चात हज यात्रियों ने पासपोर्ट एवं आवश्यक सभी दस्तावेज मय वांछित राशि के भारत सरकार के संबंधित अधिकारियों को जमा करवा दिये हैं, लेकिन सऊदी अरब से वांछित वीजा नहीं मिलने के कारण कुछ हज यात्री अपना सारा काम छोड़कर वीजा का इंतजार कर रहे हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र बीकानेर से 18 हज यात्रियों की वीजा की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। पूरे राजस्थान से 105 हज यात्री तथा पूरे देश से लगभग 2000 हज यात्री इस कारण से रूके हुए हैं।

अतः आपके माध्यम से संबंधित मंत्री को निर्देशित करें कि सऊदी अरब के संबंधित मंत्री और संबंधित अथॉरिटी से बात करके इस समस्या का समाधान शीघ्रता से करावें, ताकि देशभर के हज यात्री असमंजस एवं भ्रम की स्थिति से बच सकें और उनका मनोबल बरकार रह सके।